# सत्ता और संगठन की जुगलबंदी और बेहतर होगी

## भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में बनी सहमति, राजनीतिक नियुक्तियों में जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अप्रैल. प्रदेश में भाजपा सरकार और संगठन के बीच जुगलबंदी अब पहले से भी बेहतर होगी. भाजपा अपने जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को नगरीय निकायों में एल्डरमेन के साथ ही जनभागीदारी समितियों में भी मौका देगी. यह काम जल्द होगा. वहीं यूसीसी के मामले में भी राज्य सरकार मजबूती से आगे बढ़ेगी.**



मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में हुई भाजपा की नई कोर कमेटी की बैठक में इस संबंध में सहमति बन गई है. इस कोर कमेटी में सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी होने के बाद ये पहली बैठक थी, इस कोर कमेटी में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को भी शामिल किया गया है. बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष रूप से दिल्ली से राजधानी पहुंचे. वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान बिहार के नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पटना प्रवास पर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके. बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अलावा दोनों उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल भी शामिल हुए. वहीं प्रदेश के तीन कद्दावर मंत्री भी इस कोर कमेटी में शामिल हैं, इनमें कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और राकेश सिंह भी शामिल हैं. इसके अलावा महिला कोटे से पीएचई मंत्री संपतिया उइके भी कोर कमेटी का हिस्सा हैं, कमेटी में फग्गन सिंह कुलस्ते, लाल सिंह आर्य, लता वानखेड़े और अरविंद भदौरिया भी शामिल हैं. बताया जा रहा है कि बैठक में यूसीसी को लेकर सहमति बन गई है कि इसे प्रदेश में लागू करने की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा. यदि सब कुछ ठीक- ठाक रहा तो प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव से पहले इसे लागू कर दिया जाएगा. फिलहाल इस मामले में कमेटी बनाकर ड्रॉफ्ट तैयार किया जाएगा. बताया जा रहा है कि कमेटी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भी चर्चा की गई है. दरअसल 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र शुरू हो रहा है, जिसमें नारी शक्ति वंदन विधेयक पर चर्चा होगी. इस मामले में भाजपा अब गांवों में महिलाओं तक पहुंचेगी और उन्हें बताएगी कि संसद और विधानसभा में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार ने क्या किया है. महिलाओं के साथ संवाद का कार्यक्रम भी होगा. इस मामले में सरकार और संगठन दोनों ही स्तर पर कार्यक्रम होंगे. इसे लेकर भाजपा प्रदेश के लोगों को लुभाने मे कोई कसर बाकी नहीं रखेगी, जिससे कि इसका राजनीतिक लाभ लिया जा सके.

प्रदेश में निगम- मंडलों और आयोग में राजनीतिक नियुक्तियां करने से पहले जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को उपकृत करेगी. इस कड़ी में एल्डरमेनों की नियुक्ति की पहली सूची जारी हो चुकी है. अभी और एल्डरमेनों की नियुक्ति की जानी है. बताया जा रहा है कि बैठक में एल्डरमेनों के साथ ही जनभागीदारी समितियों में भी जमीनी कार्यकर्ताओं के मनोनयन की राह आसान की जाएगी. बैठक में राज्य सरकार के कामों के फायदे जमीनी स्तर तक पहुंचाने का जिम्मा भी सरकार के साथ संगठन के कर्मठ कार्यकर्ताओं को देने पर सहमति बनी है. वहीं कोर कमेटी की बैठक नियमित रूप से करने पर भी चर्चा की गई है. बैठक के बाद सीएम हाउस में डिनर का भी आयोजन किया गया. हांलाकि सिंधिया बैठक के बाद सबसे पहले सीएम हाउस से बाहर निकले.

## कोलार ब्लॉक कांग्रेस ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**भोपाल.** कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच मंगल सिंह यादव द्वारा राजवीर बुद्ध विहार ओमनगर में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए. महिलाओं द्वारा वंदना कर आराधना की गई. इस अवसर पर राजवीर बुद्ध विहार के विनोद वासनिक, गुड्डु मनोहर, राजकुमार सिंह, चम्पालाल मीना, गायत्री शर्मा, नवल सोनी, विजय वर्मा, ओमप्रकाश अहिरवार, रत्ना ताई,शाहिद हुसैन, आनंद खरे, प्रवीण वर्मा, रघुनाथ चौरे, सुनील पाटिल आदि उपस्थित थे.

## लेखकों ने सुनाई हिंदी-उर्दू की कहानियां

▶ हिंदी भवन में हुआ कार्यक्रम

**भोपाल, 14 अप्रैल. हिंदी भवन के महादेवी वर्मा कक्ष में मंगलवार को आकार लिटरेरी एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में कहानियों का एक कार्यक्रम रखा गया. इस कार्यक्रम का नाम ' आकार - 5 ' था.**

आकार नाम के पहले इस कार्यक्रम को 'कहानी का सिलसिला' नाम से जाना जाता था. इसमें कई जाने-माने लेखकों ने हिंदी और उर्दू में अपनी बेहतरीन कहानियां पढ़कर सुनाई. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लेखक इकबाल मसूद ने कहा कि कहानियां हमारे साहित्य की जान हैं. रामायण और महाभारत जैसे हमारे बड़े ग्रंथ भी कहानियों पर ही टिके हैं. मुख्य अतिथि शशांक सिंह आदर्श ने कहा कि कहानी लिखना और सुनाना भारत की एक सच्ची और साझी पहचान है.

दिल्ली साहित्य अकादमी की सदस्य डॉ. उर्मिला शिरीष ने अपनी कहानी 'दुपट्टा' सुनाई.मप्र उर्दू अकादमी निर्देशक डॉ. नुसरत मेहदी अपनी कहानी 'न्यू नॉर्मल' के जरिए आज के रहन-सहन, बदलते रिश्तों और इंसान की अंदरूनी उलझनों को बहुत ही गहराई से पेश किया.

डॉ. शकील खान ने प्यार और त्याग पर आधारित एक बहुत ही अच्छी कहानी पुराने और मशहूर अंदाज में सुनाई. कार्यक्रम को मेहमूद मलिक ने होस्ट किया. मुजफ्फर सिद्दीकी ने स्वागत किया.

# कार्बाइड कचरे का मामला फिर उठा

**भोपाल, 14 अप्रैल. भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के साथ काम कर रहे संगठनों ने स्थानीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों की कड़ी निंदा की है, जिन्होंने धार जिले के पीथमपुर के लोगों और आम जनता के साथ हाल के विस्फोट के वास्तविक कारण को साझा करने में विफलता दिखाई है.**

संगठनों ने बताया कि उन्होंने कई बार सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारी को अधिकारियों के संज्ञान में लाया है. यह जानकारी स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि रामकी के अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र के एक लैंडफिल से रिसाव हो रहा है, जिससे गंभीर नदी और यशवंत सागर बांध के जल के प्रदूषित होने की आशंका है. यह उल्लेखनीय है कि इन्हीं चिंताओं के चलते राज्य के एक पूर्व पर्यावरण मंत्री और पूर्व गैस राहत मंत्री ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक कचरे को पीथमपुर स्थित रामकी संयंत्र में भेजे जाने पर गंभीर आपत्तियाँ जताई थीं.

संगठनों ने दावा करते हुए कहा कि 350 मीट्रिक टन यूनियन कार्बाइड के खतरनाक कचरे के दहन के बाद उत्पन्न 900 मीट्रिक टन विषाक्त अवशेष में अब भी पारा और अन्य भारी धातुओं का उच्च स्तर मौजूद है. इस खतरनाक अवशेष को संयंत्र परिसर में ही दबा दिया गया है, जिससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ उत्पन्न हो रही हैं.

गैस पीड़ित संगठनों ने चेतावनी दी कि वर्तमान स्थिति पीथमपुर में एक 'धीमे भोपाल' (स्लो भोपाल ) के उभरने के संकेत देती है, जहाँ नियामकीय विफलता, पारदर्शिता की कमी और खतरनाक कचरे के असुरक्षित प्रबंधन के कारण समुदायों कोखतरे में डाला जा रहा है. अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने होंगे ताकि पीथमपुर एक और भोपाल न बने. इसके लिए सभी संबंधित जानकारी का तुरंत खुलासा, सख्त जवाबदेही सुनिश्चित करना और केमिकल दुर्घटना (आपात योजना, तैयारी और प्रतिक्रिया) नियम, 1996 का पालन आवश्यक है.

# मेला महोत्सव में कलाकारों ने दी गीतों की प्रस्तुति

▶ टेलिस्कोप के द्वारा आकाश दर्शन की व्यवस्था

**भोपाल, 14 अप्रैल. टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे नववर्ष मेला महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार शाम संगीत की सुरमयी प्रस्तुति का श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया. स्वर रचना म्यूजिकल अकादमी के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया.**




श्रोताओं की फरमाइश पर सिंगर्स ने नए और पुराने फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी. मेला महोत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि मेला अब अपने अंतिम सप्ताह में प्रवेश कर चुका है. ऐसे में शहरवासियों के लिए झूलों पर डिस्काउंट ऑफर्स समेत अन्य आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं.

मेला प्रांगण में म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से टेलिस्कोप के द्वारा आकाश दर्शन की व्यवस्था की गई है. यहां बच्चों के लिए एस्ट्रोनॉट्स ड्रेस में सेल्फी पॉइंट भी तैयार किया गया है. सुरमयी शाम में प्रतिभा मिश्रा ने 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू' गीत से शुरुआत की, वहीं अनुज सक्सेना ने 'चाल में झुमका' पेश किया. विवेक दुबे ने 'दिल हूम हूम करें' और रश्मि दुबे ने 'अफसाना लिख रही हूं' गाकर श्रोताओं मंत्र मुग्ध कर दिया.

इसी कड़ी में राकेश निंदने ने 'यारा हो यार मिलन हमारा' और मुकेश पालीवाल ने 'डम डम डिगा डिगा' से माहौल में उत्साह भर दिया. राधिका तिवारी ने 'तू आता है ', दीपक लिखते ने 'चाहिए थोड़ा प्यार' और रामानंद तिवारी ने 'कौन तुझे यूं प्यार करेगा' से वाह-वाह लूटी. रूही ने 'होठों पर बस तेरा नाम है', हेमंत ने 'तेरे हैं हम सनम' और रितु भोले ने 'आज हम तुम ओ सनम मिलकर यह वादा करें' गाकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया.

**झूलों पर 50 प्रतिशत की छूट :** मेला समिति के सह संयोजक वैभव सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेले में सप्ताह के सभी दिनों में सभी झूलों पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है. उन्होंने बताया कि अब अधिकतम 50 रुपए में मंहगे से महंगे झूले का लुत्फ लिया जा सकता है.

### आज भगवान झूलेलाल केंद्रित नाटक का मंचन

15 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दीपमाला पगारानी संस्था की ओर से भगवान झूलेलाल पर आधारित प्रेरक नाटक का मंचन होगा. सिंधी गीतों और नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी.

## राजधानी के 70 इलाकों में आज 6 घंटे तक रहेगी बिजली कटौती

**भोपाल, 14 अप्रैल.** बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस के चलते बुधवार को राजधानी के करीब 70 इलाकों में कटौती की जाएगी. इन क्षेत्रों में 4 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी. जानकारी के अनुसार सुबह 9.40 से दोपहर 2 बजे तक तुलसी विहार, वल्लभ नगर, लव-कुश नगर, सौम्या विहार, रचना विहार, अवंतिका क्रस्टल कैम्पस, कंचन नगर, आस्था विहार, सार्थक हाइट्स, तुलसी विहार-2, रीगल नेस्ट, सरला होम्स एवं आसपास के इलाके में बिजली बंद रहेगी. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लाइफ स्टाइल ब्लू, त्रिभुवन, शिव आंगन, कैनाल किनशिप, आकृति ग्रीन, त्रिभुवन चौराहा (13 शटर दुकान), ई-2, ई-3, ई-4 एवं आसपास के क्षेत्र में कटौती होगी. इसके अलावा सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मालीपुरा, पीर गेट, लखेरापुरा, गुर्जरपुरा, नीम रोड, इमामी गेट, रेतघाटमें बिजली बंद रहेगी.सुबह 10 से शाम 4 बजे तक राजेंद्र नगर, करारिया, हरसिद्धी कैम्पस, द्वारका नगर, कृष्णा नगर, सेमरा, खेजड़ा, भानपुर, कोलुआ, दामखेड़ा, खुशीपुरा में बिजली बंद रहेगी.

## बाल निकेतन में लगा स्वास्थ्य शिविर



**भोपाल, 14 अप्रैल. सामुदायिक चिकित्सा विभाग, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया अस्पताल द्वारा अमीति हेल्थकेयर सोसायटी के सहयोग से बाल निकेतन बालगृह, में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.**

इस शिविर का उद्देश्य बालगृह में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन कर उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना था. शिविर में बच्चों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. हमीदिया अस्पताल शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजूषा गोयल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती, सामुदायिक चिकित्सा विभाग की सहप्राध्यापक डॉ. अंशुली त्रिवेदी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आकाश गुप्ता, बाल्य दंत विशेषज्ञ डॉ. उत्कर्ष तिवारी, आदि उपस्थित थे.

## नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक निलंबित

**सिलवानी.** सिलवानी विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चौका में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक हीरालाल धुर्वे को गंभीर कदाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई. जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को सुबह लगभग 10:30 बजे शिक्षक हीरालाल धुर्वे शराब के नशे में विद्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और स्कूल परिसर में गंदगी भी की, जिससे विद्यालय का वातावरण प्रभावित हुआ. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला संज्ञान में आया. विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिलवानी द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई. इसके बाद विभाग ने इसे गंभीर कदाचार मानते हुए कार्रवाई की. यह मामला नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था. जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षक का यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के प्रावधानों के विरुद्ध है, जिससे विभाग की छवि भी धूमिल हुई है. इसी के चलते म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1986 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया गया है. निलंबन अवधि के दौरान हीरालाल धुर्वे का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सिलवानी निर्धारित किया गया है.

## रोहित दुबे फिर बने मप्र के अध्यक्ष



**भोपाल, 14 अप्रैल.** नई दिल्ली में अखिल भारत हिंदू महासभा के 111वें स्थापना दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश संगठन को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया. राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार द्विवेदी ने रोहित दुबे को पुन: मध्य प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है. इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रोहित दुबे ने कहा कि संगठन को गांव-गांव और शहर-शहर तक विस्तार दिया जाएगा तथा हिंदू समाज की एकजुटता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी. कार्यक्रम में लालजी शर्मा संगठन मंत्री मप्र, विनोद जोशी महामंत्री मप्र, विजयरामदास संत महासभा प्रदेश अध्यक्ष, गोपाल व्यास प्रदेश उपाध्यक्ष, अरुणा पारे प्रदेश उपाध्यक्ष, पवन सिंह राजपूत प्रदेश मंत्री आदि उपस्थित थे.

## पत्नी से कहासुनी के बाद युवक लापता

**सलामतपुर.** पत्नी और पिता से मामूली कहासुनी हो जाने के बाद एक युवक लापता हो गया है.जबकि युवक के 18 महीने के बेटे का मुंडन कार्यक्रम रखा गया था. सलामतपुर थाने से मिली जानकारी अनुसार प्रहलाद बंजारा पिता हुकुम सिंह बंजारा (25) निवासी भटियाटोला कटसारी घर से बिना बताए लापता हो गया है.

लापता होने से पहले प्रहलाद बंजारा की बेटे के मुंडन कार्यक्रम के सामान लाने को लेकर पिता हुकुम बंजारा और पत्नी रोशनी से कुछ कहासुनी हो गई थी. इसी बात से गुस्सा होकर प्रहलाद घर से बिना बताए लापता हो गया. मंगलवार को उसके पिता हुकुम बंजारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई.

# जलियावाला बाग नाटक का मंचन

▶ रंग माध्यम नाट्य संस्था की प्रस्तुति

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 14 अप्रैल. जलियावाला बाग की गोलीबारी का दृश्य मंगलवार को जब लिटिल बैले ट्रूप के मंच पर जीवंत हुआ, तो दर्शक दीर्घा में सन्नाटा पसर गया.**



इस क्षण से शुरू हुई जलियावाला बाग नाटक की यह यात्रा ने देखते ही देखते अमर शहीद भगत सिंह के जीवन, संघर्ष और बलिदान को भावनात्मक रूप से मंच पर जीवित कर दिया. रंग माध्यम नाट्य संस्था मंगलवार को द्वारा प्रस्तुत नाटक ने इतिहास को केवल दोहराया नहीं बल्कि उसे महसूस करा दिया. नाटक में दिखाया गया कि किस तरह 12 वर्ष की उम्र में जलियावाला बाग हत्याकांड ने भगत सिंह की सोच को झकझोर दिया और उन्हें क्रांति के रास्ते पर आगे बढ़ाया.

नाटक में 1929 के असेंबली बम कांड को भी सशक्त रूप से दिखाया गया, जहां भगत सिंह और उनके साथियों ने बिना किसी को नुकसान पहुंचाए अंग्रेजी हुकूमत को जगाने का प्रयास किया और गिरफ्तारी देकर अपने विचारों को दुनिया तक पहुंचाया. इसके बाद का घटनाक्रम, मुकदमा और फांसी तक का सफर दर्शकों को भीतर तक झकझोर गया.

नाटक के लेखक और निर्देशक दिनेश नायर ने नाटक के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वतंत्रता केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं बल्कि संघर्ष, त्याग और मूल्यों की विरासत है. नाटक में देशभक्ति गीतों और प्रभातफेरी के दृश्यों ने इसे और जीवंत बना दिया. नाटक में 12 से अधिक कलाकारों ने मंच पर विभिन्न किरदारों को जीवंत किया. भगत सिंह की भूमिका में ध्रुव गहरवार ने प्रभावी अभिनय किया. वहीं बचपन के भगत सिंह के रूप में कशक राज ने मासूमियत और जज्बे को उभारा. तो सुखदेव के रूप में अनुराग मिश्रा, राजगुरु के रूप में ऋषभ झा और चंद्रशेखर आजाद के रूप में सुंदरम सिंह ने भी दमदार प्रस्तुति दी.

**नाम परिवर्तन**

MOHAMMAD AMEEN ULLAH S/O HASIB ULLA आयु वयस्क निवासी : A-33 न्यू औकाफ कॉलोनी बाग फरहत अफ्जा भोपाल मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम MOHAMMED AMIN ULLA दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम MOHAMMAD AMEEN ULLAH हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं मैं रहूँगा.

## गैस सिलेंडर में लीकेज से घर में लगी आग

**सलामतपुर, 14 अप्रैल.** सलामतपुर थाने के सरार गांव में सोमवार रात करीब 9 बजे गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से रिसाव होने के कारण एक कच्चे मकान में आग लग गई. घटना के समय घर में मौजूद लीलाकृष्ण मीना खाना बना रहे थे, तभी गैस लीक होने से आग भड़क उठी. आग तेजी से फैलने लगी.उन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई.

**नाम परिवर्तन**

मैं FAIZ E AZAM S/O MURTAZA HASAN आयु वयस्क निवासी : H-221 न्यू एकता नगर करोंद आइशा मस्जिद नियर कब्रस्तान कमल नगर भोपाल मेरे दस्तावेजों में पहले मेरा नाम FAIZ AZAM दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम FAIZ E AZAM हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता है तो इसका जिम्मेदार स्वयं मैं रहूँगा.

**कार्यालय प्राचार्य, स.व. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.**
श्यामला हिल्स, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वशासी घोषित)
दूरभाष नं.- 0755-2660556, फैक्स नं.- 0755-2660558
prinsvgp.bpl@mp.gov.in
क्रमांक/सवपा/सुरक्षा/भंडार/2026/595 भोपाल, दिनांक 9/4/2026
E-Tender ID: 2026_DTE_498734

**निविदा सूचना**

सरदार वल्लभ भाई पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, श्यामला हिल्स, भोपाल के परिसर एवं भवन/ छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई हेतु कर्मचारी सह चौकीदार उपलब्ध कराने हेतु संबंधित क्षेत्र में पंजीकृत एवं अनुभवी एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का प्रपत्र एवं अन्य जानकारी / शर्तें मध्यप्रदेश शासन की ई-टेंडरिंग वेबसाइट www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं. निविदा मध्यप्रदेश शासन की ई-टेंडरिंग वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 4/5/2026 समय सायं 5 बजे निर्धारित है. निविदाकर्ता निविदा भरने से पूर्व कार्यालयीन समय में आवश्यकतानुसार संस्था का निरीक्षण कर सकते हैं.

प्राचार्य
G11540/26 स.व. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल

**सेवा प्रकल्प** ▶ भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा प्रकल्प का शुभारंभ करते हुए सीएम ने कहा

# कोविड के बाद हार्ट अटैक से हो रहीं ज्यादा मौतें

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोविड के बाद हार्ट अटैक से ज्यादा मौतों पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि कोविड के बाद अब हार्ट अटैक से सबसे ज्यादा मौतें हो रही है.**



उन्होंने कहा कि हंसते-खेलते, नाचते, गाते , वाहन चलाजे युवाओं की अचानक जान जा रही है. इसलिए हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को देखते हुए हमारी सरकार अभी संभाग स्तर पर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बना रही है. आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी जिलों में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बने, इस संबंध में भी तेजी से कार्य हो रहा हैं. यह बात उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा ही संगठन के तहत सेवा प्रकल्प का शुभारंभ करते हुए कही. इस अवसर पर मोबाइल नंबर 9203597200 एवं 9203697200 जारी किया गया है. इन मोबाइल नंबरों पर पार्टी कार्यकर्ता व परिवारजन संपर्क कर चिकित्सकीय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित किए जाने वाले सेवा प्रकल्प के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेशभर में गांव-गांव में आंखों की जांच के शिविर लगाए, भाजपा सरकार जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मा उपलब्ध कराएगी.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सक्रियता से पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आज से संचालित यह सेवा प्रकल्प कार्यकर्ताओं और जनता के दुखों को दूर करने का कार्य करेगा. भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि 'सेवा प्रकल्प' भाजपा सरकार और संगठन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएगा. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि भाजपा का सेवा प्रकल्प प्रदेश की जनता को आरोग्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा. भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल ने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता भगवान श्रीराम के हनुमान बनकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएंगे.